# अपने बच्चे के साथ पढ़ना और लिखना

## किन्डरगार्टन से ग्रेड 6

माता/पिता के लिए मार्गदर्शिका

HINDI

reach every student

Ontario

***Reading and Writing with Your Child, Kindergarten to Grade 6*** *(अपने बच्चे के साथ पढ़ना और लिखना, किन्डरगार्टन से ग्रेड 6)* **Ontario Ministry of Education** (ओन्टेरियो शिक्षा मंत्रालय) के ***Helping Your Child with Reading and Writing: A Guide for Parents*** *(अपने बच्चे को पढ़ने और लिखने में सहायता करना: माता-पिता के लिए एक मार्गदर्शिका)* का आधुनिकीकरण है।

**Parent Engagement Office** के साथ भागीदारी में **Literacy and Numeracy Secretariat** द्वारा निर्मित। इस संस्करण के लिए नया: **TVOkids.com** पर खेलों और क्रियाओं के लिए लिंक।

# विषय-सूची

माता-पिता के लिए नोट .......... 2

मैं अपने बच्चे के अध्ययन का समर्थन कैसे कर सकता/सकती हूँ? .......... 3

पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन .......... 4
- आपके बच्चे के पढ़ना और लिखना शुरु करने से पहले .......... 5
- जब आपका बच्चा सबसे पहले पढ़ना और लिखना सीख रहा होता है .......... 6
- जैसे-जैसे आपका बच्चा पढ़ना और लिखना सीखता है .......... 7
- जैसे-जैसे आपका बच्चा एक अधिक वाक्पटु पाठक और एक अधिक स्पष्ट लेखक बनता है .......... 8
- जैसे-जैसे आपका बच्चा एक पाठक और लेखक के रूप में पनपना जारी रखता है .......... 9

माता-पिता के लिए चार उच्चतम साक्षरता की सलाहें .......... 10
- अपने बच्चे से बात कीजिए .......... 10
- समझ की आदतों का निर्माण कीजिए .......... 12
- हर रोज़ पढ़िए .......... 14
- उसे मज़ेदार बनाइए, उसे महत्वपूर्ण बनाइए .......... 16

अपने बच्चे से उच्चतम की उम्मीद कीजिए .......... 18

ऑनलाइन संसाधन .......... 19

> परिवारों द्वारा अपने बच्चों के अध्ययन और शैक्षिक प्रगति में जितना अधिक समर्थन दिया जाता है, उनके बच्चों की स्कूल में अच्छा करने की और अपनी शिक्षा को जारी रखने की उतनी अधिक संभावना होती है।

**Karen Mapp और Anne Henderson, 2002**

*A New Wave of Evidence:*
*The Impact of School, Family, and Community Connections on Student Achievement*

# माता-पिता के लिए नोट

## आप अपने बच्चे के पहले शिक्षक हैं।

आपके समर्थन से, आपका बच्चा बड़ा होकर मज़बूत लेखन कुशलताओं वाला एक श्रेष्ठ पाठक बनेगा-और यह कितना अंतर लाएगा जब वह एक दिन कॉलेज, यूनिवर्सिटी या वर्कफोर्स में जाएगा/जाएगी। आपको अपने बच्चे को पढ़ना और लिखना सिखाने में सहायता करने के लिए बहुत सारी खास कुशलताओं की आवश्यकता नहीं हैं। सिर्फ अपने बच्चे के साथ रोजमर्रा की क्रियाएँ करने में समय बिताने से ही बहुत फर्क पड़ जाता है।

चाहे आपका बच्चा अभी शुरुआत कर रहा है या पहले से पढ़ और लिख सकता है, अधिक अध्ययन के लिए हमेशा जगह होती है। जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता है, वह नए अवसरों और नई सफलताओं का मज़ा लेगा/लेगी क्योंकि एक पहले शिक्षक-आप-ने घर पर सक्रिय रूप से बात करने, खेलने और सुनने का समय निकाला। यह सब उसे फिर से मज़बूत करने में सहायता करता है जो आपका बच्चा स्कूल में सीखता है।

हमने यह मार्गदर्शिका आपको आपके बच्चे का समर्थन करने में सहायता करने के लिए बनाई है। सभी सलाहें Ontario (ओन्टेरियो) के पाठ्यक्रम पर निर्धारित हैं और उससे जुड़ी हैं जो आपका बच्चा स्कूल में सीख रहा है।

याद रखिए, उम्रभर की सफलता मज़बूत पढ़ने और लिखने की कुशलताओं से शुरू होती है। और इसका मतलब है कि आपके बच्चे की उम्रभर की सफलता आपसे शुरु होती है।

मिलकर सीखने में आनन्द प्राप्त कीजिए।

**कृपया नोट कीजिए: इस मार्गदर्शिका में, *माता/पिता* शब्द माता-पिता, संरक्षक, देख-रेख करने वालों और अन्य पारिवारिक सदस्यों को संबोधित करता है जो बच्चों को पढ़ने और लिखने में सहायता करते हैं।**

# मैं अपने बच्चे के अध्ययन का समर्थन कैसे कर सकता/सकती हूँ?

## पढ़ना और लिखना सीखना घर पर और स्कूल में होता है।

इस गाइड में प्रयोगात्मक जानकारी है जो आपके अपने बच्चे को घर पर पढ़ने और लिखने में समर्थन करने में सहायता करेगी। यह ऐसी आसान और मज़ेदार क्रियाओं की सलाह देती है जो आप अपने बच्चे के साथ कर सकते है-खाने के लेबल पढ़ने से और ग्रोसरी की सूचियाँ लिखने से लेकर, खेल-कूद की प्रैक्टिस के लिए जाते हुए रास्ते में एक साथ बातें करने तक, पूरे परिवार के साथ किसी फिल्म पर चर्चा करने तक। यह सब बांटे गए अनुभव आपके बच्चे की साक्षरता की कुशलताओं को विकसित करने में सहायता करेंगे।

घर-स्कूल का संबंध भी आपके बच्चे की सफलता के लिए ज़रूरी है। जब बच्चे अपने माता-पिता को अपने शिक्षकों के साथ काम करते हुए देखते हैं, तो वह स्कूल के बारे में अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वासी महसूस करते हैं। अपने बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए और यह अधिक जानने के लिए कि आप अपने बच्चे के अध्ययन का समर्थन कैसे कर सकते हैं, अपने बच्चे के शिक्षक से बात कीजिए।

जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, वह सभी शारीरिक रूप से, मानसिक रूप से, भावात्मक ढंग से और सामाजिक रूप से बदलते हैं। तब भी हर बच्चा अध्ययन की ओर विशिष्ट क्षमताएँ, ज़रूरतें और अनुभव लाता है। अपने बच्चे की विशिष्ट निजी और सांस्कृतिक पहचान को स्वीकार करके और उसकी पुष्टि करके, आप अपने बच्चे को एक पाठक और लेखक के रूप में सम्पन्न होने में सहायता करेंगे।


अंत में, याद रखिए कि पढ़ना और लिखना सीखना एकदम नहीं आता। हर व्यक्ति एक अलग रफ्तार से सीखता है। इसमें केवल समय, अभ्यास और समर्थन लगता है। जब भी आप कर सकें, जहाँ भी आप कर सकें, अपने बच्चे को प्रोत्साहित कीजिए और उसे दिखाइए कि आपको उसकी क्षमताओं में विश्वास है।



# पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन

बच्चों का पढ़ना और लिखना सीखने का सबसे अच्छा समय तब है जब वह बहुत छोटे होते हैं। इस समय वह सकारात्मक रवैये और बुनियादी कुशलताएँ विकसित करना शुरू करते हैं। बच्चों के लिए पढ़ना और उनसे उनके विचारों के बारे में बात करना (यद्यपि वह विचार एकदम आपको समझ में नहीं आते) बच्चों को एक गहरे समझ के स्तर तक ले जाने में सहायता करता है। यदि आप और आपका बच्चा English (अंग्रेज़ी) के अलावा किसी भाषा में ज्यादा आरामदेह महसूस करता है, तो कृपया उसका प्रयोग कीजिए। अपने बच्चे के लिए पढ़ना और उससे आपके घर पर बोली जाने वाली भाषा में बात करना बहुत लाभकारी है।

पढ़ना और लिखना सीखने में बहुत से स्तर शामिल हैं जो अंत में वाक्पटुता के साथ पढ़ने और स्पष्टता से लिखने की ओर ले जाता है। अगले कुछ पृष्ठ प्रारम्भिक वर्षों से लेकर जूनियर ग्रेडों और उसके आगे साक्षरता के विकास को दर्शाते हैं।




# पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन

## आपके बच्चे के पढ़ना और लिखना शुरू करने से पहले

छोटे बच्चे उत्सुक शिष्य होते हैं और वह साक्षरता की कुशलताओं को विभिन्न प्रकार के तरीकों से विकसित कर सकते हैं। इस स्तर पर:

- आपके बच्चे को अपने लिए  पढ़े जाना और किताबों या शब्दों को देखना अच्छा लगता है
- आपका बच्चा शब्द ब्लॉक्स से खेलने से, चित्र वाली किताबों को देखने से, चुम्बकीय शब्दों से खेलने से, गाने गाने से और साधारण ट्रैफिक साइन या खाने के डिब्बों पर चिन्ह देखने से शब्दों के बारे में सीखता है
- आपका बच्चा यह समझना शुरू करता/करती है कि चित्रों, चिन्हों और अक्षरों के प्रयोग से उसके विचारों को मूलशब्द में बदला जा सकता है, चाहे कागज़ पर या कम्प्यूटर पर
- आपका बच्चा एक पाठक की तरह काम करने लगता है-उदाहरण के लिए, कोई किताब या ई-रीडर को पकड़ने लगता है, या एक कम्प्यूटर माउस का प्रयोग करता है और दिखाता है कि वह पढ़ रहा है
- आपका बच्चा एक लेखक की नकल करने लगता है-उदाहरण के लिए, एक पेन्सिल पकड़ता है, क्रेयान या मार्कर पकड़ता है और दिखाता है कि वह लिख रहा है, कीबोर्ड पर टाइप करता है, मौडलिंग क्ले से अक्षर बनाता है
- आपका बच्चा कहानी बताने के लिए याददाश्त और चित्रों दोनों का प्रयोग करता है
- आपका बच्चा जिज्ञासु है और अपनी दुनिया के बारे में बहुत से प्रश्न पूछता है




कुछ मज़ेदार चीज़े करने के लिए, www.tvokids.com पर जाइए और इन उत्तम खेलों के लिए Ages 2 to 5 (उम्र 2 से 5) पर क्लिक कीजिए।

### अक्षर/ध्वनि पहचान (ध्वन्यात्मक)

**Magic Mailbox ABC's**
मेलबाॅक्स पर क्लिक करके वर्णमाला के अलग-अलग अक्षरों के नाम सुनिए।
www.tvokids.com/games/magicmailboxabcs

**Letterella** (प्रारम्भिक स्तर)
वर्णमाला के अक्षरों की अलग-अलग ध्वनियाँ सुनिए।
www.tvokids.com/games/letterella

### हमारे आसपास पढ़ना (पर्यावरिक प्रिन्ट)

**Sign Match**
अपने आसपास दिखने वाले चिन्हों में समानता ढूँढ़िए।
www.tvokids.com/games/signmatch

### जो हम पढ़ रहे हैं उसे समझना (पढ़ने की समझ बूझ)

**Out of Order**
कहानी के चित्रों को क्रम में लगाना।
www.tvokids.com/games/outorder

**Gisèle's Big Backyard Book Club**
उत्तम कहानियों को सुनिए।
www.tvokids.com/activities/gisèlesbigbackyardbookclub

# पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन

## जब आपका बच्चा सबसे पहले पढ़ना और लिखना सीख रहा होता है

जब बच्चे सबसे पहले पढ़ना और लिखना सीख रहे होते हैं, तो जिन विचारों के बारे में वह पढ़ रहे होते हैं उनके बारे में बात करना ज़रूरी होता है। यह उनकी समझने की कुशलताओं को बढ़ाने में सहायता करता है। इस स्तर पर, आपका बच्चा:

- लिखित शब्दों और बोले गए शब्दों के बीच समानता बनाने लगता है और ध्वनियों और अक्षरों में सम्बन्ध देखने लगता है
- पढ़ने के साथ प्रयोग करने लगता है और पढ़ते समय शब्दों को ऊँचा बोलता है
- पृष्ठ पर या स्क्रीन पर दिखाए चित्रों को शब्दों का अर्थ समझने के लिए सहायक पाता है
- लिखने के साथ प्रयोग करने लगता है-उदाहरण के लिए, ऐसे चिन्ह लिखता है जो अक्षरों से मिलते हैं, अनियमित अक्षरों के समूह लिखता है और आखिरकार असली शब्द लिखता है
- जो वह सीखना चाहता है उसके बारे में प्रश्न पूछता/पूछती है (इस रुचि का प्रोत्साहन कीजिए)



कुछ मज़ेदार चीज़े करने के लिए, www.tvokids.com पर जाइए और इन उत्तम खेलों के लिए Ages 2 to 5 (उम्र 2 से 5) पर क्लिक कीजिए।

### अक्षर/ध्वनि पहचान (ध्वन्यात्मक)

**Alphabet Goop**
सभी जाने पहचाने शब्दों की शुरुआती ध्वनियों के बारे में जानिए।
www.tvokids.com/games/alphabetgoop

**Letterella** (प्री स्वर)
सभी जाने पहचाने शब्दों की शुरुआती ध्वनियों के बारे में जानिए।
www.tvokids.com/games/letterella

### कविता करनाः नर्सरी की कविता और कविता करने वाले शब्द

**Loosey Goosey Rhymes**
नर्सरी की कविताओं में उन शब्दों के बारे में जानिए जो कविता बनाते हैं।
www.tvokids.com/games/looseygooseyrhymes

**Rhyme Time**
इन मज़ेदार नर्सरी की कविताओं को देखिए, क्लिक कीजिए, सीखिए और उन्हें सुनिए।
www.tvokids.com/games/rhymetime

### शब्द जो हम बहुत बार देखते हैं: साइट वर्डज़/उच्च आवृति शब्द

**Melvin's Marvellous Words**
साइट वर्डज़ को सीखने से आपको एक बेहतर पाठक बनने में सहायता मिलती है।
www.tvokids.com/games/melvinsmarvellouswords

**Melvin's Marvellous Stories**
साइट वर्ड्ज़ को सीखने से आपको एक बेहतर
पाठक बनने में सहायता मिलती है।
www.tvokids.com/games/melvinsmarvellousstories

# पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन

## जैसे-जैसे आपका बच्चा पढ़ना और लिखना सीखता है

नियमित अभ्यास के साथ, बच्चे पढ़ने और लिखने में वाक्पटुता का विकास करते हैं। उसी समय, वह उन कहानियों या जानकारी के बारे में अधिक गहराई से सोचना सीखेंगे जो वह पढ़ते हैं। इस स्तर पर, आपका बच्चा:

- अपने पढ़ने को विभिन्न प्रकार की पढ़ने की सामग्री के अनुकूल बना सकता है, बहुत से शब्दों को पहचानता है, जानता है कि शब्दों का मतलब कैसे निकालना है और नई चीजों को पढ़ने की कोशिश करने के लिए तैयार है
- असली अक्षरो, शब्दों के बीच खाली स्थान और कुछ विराम चिन्हों का प्रयोग करके आसान वाक्य लिखता है
- लिखने में आनन्द लेता है और विभिन्न प्रकार से लिखने में दिलचस्पी दिखाता है-उदाहरण के लिए, ग्रोसरी की सूचियाँ, छोटे ईमेल या टेक्स्ट मेसिज लिखता है।
- इस बात को महसूस करने लगता है कि मीडिया को अलग-अलग कारणों के लिए प्रयोग किया जाता है-उदाहरण के लिए, शिक्षित करने के लिए, कोई संदेश पहुँचाने के लिए या कुछ बेचने के लिए




पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन कुछ मज़ेदार चीज़े करने के लिए, www.tvokids.com पर जाइए और इन उत्तम खेलों के लिए Ages 11 and Under (उम्र 11 और उससे कम) पर क्लिक कीजिए।

### अक्षर विन्यास: जाने पहचाने शब्दों का अक्षर विन्यास करना

**Word Hunt**

tvokids.com के तरीके से Hangman। सर्दियों का प्रारूप भी खेलिए।

www.tvokids.com/games/vikingwordhunt और www.tvokids.com/games/vikingwinterwordhunt

**Word Magic**

अपने आप या एक अन्य खिलाड़ी के साथ अक्षर विन्यास का अभ्यास कीजिए।

www.tvokids.com/games/wordmagic

### हम जो पढ़ते हैं उसे समझना (पढ़ने की समझ बूझ): चीज़ों का विवरण करना

**Bump-A-Word**

अपने लेखन को और दिलचस्प बनाने के लिए उसमें विवरणात्मक शब्दों का प्रयोग कीजिए।

www.tvokids.com/games/tumbletownbumpaword

### व्याकरण: भाषा के भाग

**Big Escape**

संज्ञाओं, क्रियाओं, विशेषणों और बहुत सी अन्य व्याकरण की आकर्षक चीजों के बारे में जानिए। (The Big Escape के चारों अध्यायों की जाँच करना मत भूलिए।)

www.tvokids.com/games/bigescape

## जैसे-जैसे आपका बच्चा एक अधिक वाक्पटु पाठक और स्पष्ट लेखक बनता है

वाक्पटु पाठक जो पढ़ते हैं, उसे अपने अन्य अनुभवों के संदर्भ में पढ़ते हैं। इस स्तर पर, आपका बच्चा:

- लिखित योजनाओं और अनुभव को अपने ज्ञान और अनुभव से जोड़ता है
- किसी कहानी की घटनाओं का अंदाजा लगाता है
- पढ़ने को मूल्यवान मानता है और उसे अपनी मर्जी से करता है
- पढ़ने की कुशलताओं को लिखने में प्रयोग करता है और निम्नलिखित करना शुरू करता है:
  - शब्दों का अक्षर विन्यास सही ढंग से करने के लिए अनेक प्रकार की कूट नीतियों का प्रयोग
  - विभिन्न प्रकार के वाक्यों का प्रयोग
  - उन चीजों के बारे में लिखना जिनकी वह परवाह करता/करती है (यह आपका परिवार, वीडियो गेम या कोई पालतू जानवर हो सकता है)



पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन कुछ मज़ेदार चीज़े करने के लिए, www.tvokids.com पर जाइए और इन उत्तम खेलों के लिए Ages 11 and Under (उम्र 11 और उससे कम) पर क्लिक कीजिए।

### शब्दों के साथ मज़ा: अक्षर विन्यास, पढ़ने की समझ,शब्दों के खेल

**The Amazing Spelling Fleas**
व्याकरण, अक्षर विन्यास और पढ़ने की समझ बूझ के साथ मज़ा।
www.tvokids.com/games/amazingspellingfleas

### अक्षर विन्यास: अपरिचित शब्दों का अक्षर विन्यास

**Spot and Spell**
सभी शब्दों का सही ढंग से अक्षर विन्यास करने की कोशिश कीजिए।
www.tvokids.com/games/spotandspell

**Reading Round-Up**
tvokids.com के तरीके से शब्दों की खोज।
www.tvokids.com/games/readingroundup

### पढ़ना: सभी स्तरों के लिए किताबों के शीर्षक और सर्वेक्षण

**Tumbletown Reads Book Club**
बच्चों द्वारा लिखे गए किताबों के सर्वेक्षणों को पढ़िए।
www.tvokids.com/activities/tumbletownreadsbookclub

## जैसे-जैसे आपका बच्चा एक पाठक और लेखक के रूप में पनपना जारी रखता है

*Critical literacy (समीक्षात्मक साक्षरता)* प्रकाशित और अन्य संचार माध्यमों में अंतर्निहित संदेशों का निरीक्षण करने का और उनपर चर्चा करने का एक चलन है ताकि हम उस दुनिया को समझ सकें जिसमें हम रहते हैं। जब बच्चें लिखने के उद्देश्यों के बारे में सोचते हैं और इस बारे में बात करते हैं कि किस तरह मूलशब्द (जिसमें किताबें, वेबसाइट्स, पत्रिकाएँ, पोस्टर इत्यादि शामिल हैं) अलग-अलग नजरियों, धारणाओं और दृष्टिकोणों को दर्शाती है तो वह समीक्षात्मक साक्षरता की कुशलताओं का अभ्यास करते हैं। इस स्तर पर, आपका बच्चा:

- अलग-अलग प्रकार के मूलशब्दों को अधिक शुद्ध रूप से और जल्दी से और भावों के साथ पढ़ और समझ सकता है
- रायों और नजरियों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के संचार माध्यमों को पढ़, लिख और तैयार कर सकता है (जैसे वीडियो बनाना और देखना, ब्लॉग बनाना, और सुचित्रित उपन्यासों को पढ़ना)
- पढ़ने और लिखने के सामाजिक पहलू में दिलचस्पी दिखाता/दिखाती है और अपने द्वारा चुने गए मूलशब्दों पर विचार और धारणाएँ बाँटने में आनन्द लेता/लेती है (जैसे कि दोस्तों के साथ परिचर्चा में, सामाजिक संचार माध्यमों की साइटों पर और तुरंत संदेशन के ज़रिये धारणाएँ बाँटने के द्वारा)




पढ़ने और लिखने के माइल्स्टोन कुछ मज़ेदार चीज़े करने के लिए, **www.tvokids.com** पर जाइए और इन उत्तम खेलों के लिए **Ages 11 and Under (उम्र 11 और उससे कम)** पर क्लिक कीजिए।

### शब्दों के साथ मज़ा: अक्षर विन्यास, पढ़ने की समझ,शब्दों के खेल

**The Amazing Spelling Fleas**
व्याकरण, अक्षर विन्यास और पढ़ने की समझ बूझ के साथ मज़ा।
www.tvokids.com/games/amazingspellingfleas

### अक्षर विन्यास: अपरिचित शब्दों का अक्षर विन्यास

**Spot and Spell**
सभी शब्दों का सही ढंग से अक्षर विन्यास करने की कोशिश कीजिए।
www.tvokids.com/games/spotandspell

**Reading Round-Up**
tvokids.com के तरीके से शब्दों की खोज।
www.tvokids.com/games/readingroundup

### पढ़ना: सभी स्तरों के लिए किताबों के शीर्षक और सर्वेक्षण

**Tumbletown Reads Book Club**
बच्चों द्वारा लिखे गए किताबों के सर्वेक्षणों को पढ़िए।
www.tvokids.com/activities/tumbletownreadsbookclub

## सलाह एक अपने बच्चे से बात कीजिए

> सीखना सुनने का नतीजा है, जो परिणामस्वरूप दूसरे व्यक्ति को अधिक बेहतर सुनने और उसकी ओर ध्यान देने की तरफ ले जाता है। दूसरे शब्दों में, बच्चे से सीखने में, हमें सहानुभूति होनी चाहिए, और जैसे-जैसे हम सीखते हैं सहानुभूति बढ़ती है।
>
> **Alice Miller, 2002**
> *For Your Own Good*

यह शायद साफ जाहिर लगे, लेकिन जितना ज़रूरी अपने बच्चे से बात करना है उतना ही ज़रूरी उसकी बात सुनना है। बच्चे बात करने और सुनने दोनों से ही पढ़ने और लिखने की कुशलताएँ विकसित करते हैं।

आप अपने बच्चे को यह सीखने में सहायता करते हैं कि शब्द कैसे काम करते हैं जब आप:

- छपे हुए अक्षरों को बोलते हैं, जैसे कि सड़कों पर चिन्ह
- शब्द संबंधी खेलों को गाते हैं जिसमें आपका बच्चा नए, मजाकिया शब्दों को बनाने के लिए शुरुआती ध्वनियों को बदलता है
- नए शब्दों के अक्षर विन्यास करने के लिए, जो अक्षर आपका बच्चा जानता है उनका प्रयोग करके अक्षर विन्यास की रचना करते हैं

बातचीत आपके बच्चे की नई चीज़ों को समझने की क्षमता भी बढ़ाती है। इस तरह की बातचीत आपके बच्चे को कुछ बताने (जैसे कि, "दाँत ब्रश करने का समय हो गया,"या "खाना खाने से पहले अपने हाथ धो लो") से आगे उसके साथ वार्तालाप करने तक जाती है। इस तरह की बातचीत को अपने घर में शुरू करने के लिए यह कुछ तरीके हैं:

- **अपने बच्चे से परेशानियों और समाधानों के बारे में बात कीजिए।** इस बारे में बात कीजिए कि आप रोजमर्रा की समस्याओं की व्यवस्था कैसे करेंगे, जैसे कि रात का खाना बनाने के लिए समय निकालना, तकि आप कोई पसंदीदा टी वी शो देखने के लिए या एक साथ ऑनलाइन जाने के लिए तैयार हो सकें।

# माता-पिता के लिए चार उच्चतम साक्षरता की सलाहें

- **यह सुनिश्चित कर लीजिए कि आपके बच्चे के पास सोचने का समय है।** कभी-कभी यह सोचने में समय लगता है कि आगे क्या कहना है। अपका बच्चा क्या कहना चाहता है यह सुनने के लिए इंतजार करने के लिए तैयार रहिए। अगर वह कहता/कहती है, "मैं नहीं जानता/जानती कि मैं क्या सोचता/सोचती हूँ," तो एक बेहतर उत्तर का इंतजार कीजिए-उसके पास एक ऐसा उत्तर अवश्य है।
- **अपने बच्चे से उसकी पहली भाषा में बात कीजिए।** बच्चे अपनी एक भाषा का ज्ञान दूसरी भाषा में बहुत अच्छी तरह से तबदील करते हैं। अपनी पहली भाषा में बात करना आपके बच्चे को English (अंग्रेज़ी) और French (फ्रेन्च) और अन्य भाषाओं में भी सहायता करेगा। इससे आपके बच्चे को उसके अपने सांस्कृतिक इतिहास के बारे में जानने के अवसर भी मिलते हैं।
- **ऐसे प्रश्न पूछिए जो आपके बच्चे को अपने विचारों के बारे में बात करने का रास्ता दिखाएँ।** अपने बच्चे को कुछ बताने की बजाए, ऐसा प्रश्न पूछने की कोशिश कीजिए जो आपके बच्चे को इस बारे में बात करने का रास्ता दिखाए कि वह क्या सोचता/सोचती है। उदाहरण के लिए, अपने बच्चे को यह बताने की जगह कि आप कोई पारिवारिक कार्यक्रम मनाने की योजना कैसे बना रहे हैं, योजना बनाने के लिए राय माँगिए। (रचनात्मकता के लिए और अपने बच्चे को उस योजना को पूरा करने में सहायता करने के लिए तैयार रहिए।)

बच्चों को ऊँचा पढ़ते हुए सुनना और उनके स्वतंत्र, वाक्पटु पाठक बनने के बाद भी उनके लिए पढ़ते रहना, दोनों ही बहुत ज़रूरी हैं। एक साथ पढ़ने के बहुत से अलग-अलग तरीके हैं: पृष्ठों को बारी-बारी करके पढ़ना, एक स्वर में पढ़ना और पूरा समय पढ़ने के दौरान रुक कर बातचीत करना। बच्चे उन विषयों पर किताबें चुनते हैं जो उनमें रुचि पैदा करते हैं, और उन्हीं किताबों में आपकी रुचि मूल्यवान वार्तालापों की ओर ले जाएगी जो बातचीत की और सुनने की कुशलताओं को बढ़ाएगी।

यदि आप अटक गए हैं, तो यह कुछ "बातचीत आरंभक" हैं जो आपकी बातचीत की शुरुआत करेंगे:

- तुमने ____________ के बारे में क्या देखा...
- तुम और क्या कर सकते थे...
- तुम क्या करोगे अगर...
- क्या होगा यदि...
- तुम्हें यह कैसे पता?
- मुझे इस बारे में विश्वास दिलाओ।

जब आप सुन रहे होते हैं

- यदि कोई किताब पढ़ी जा रही हो, तो जिज्ञासु बनकर और प्रश्न पूछकर अपने बच्चे को दिखाइए कि आप किताब में आनन्द ले रहे हैं।
- जो वह पहले से ही जानता/जानती है उससे संबंध बनाइए।
- जो आप सुन रहे हैं उसे अलग तरीके से व्यक्त कीजिए।
- धीरज रखिए। यह सुनिश्चित कीजिए कि आपके बच्चे के पास पेचीदा शब्दों को समझने का समय है।
- पढ़ने के बाद, किताब के दिलचस्प और पेचीदा हिस्सों के बारे में बात कीजिए।

# माता-पिता के लिए चार उच्चतम साक्षरता की सलाहें

## सलाह दो समझने की आदतें डालिए

"आप जितना ज्यादा पढ़ेंगे, आप उतनी ज्यादा चीज़ों के बारे में जानेंगे। आप जितना ज्यादा सीखेंगे, आप उतना आगे बढ़ेंगे।

**Dr. Seuss, 1978**
*I Can Read with My Eyes Shut!*

पढ़ने के माध्यम से आप अपने बच्चे को अपने बारे में और दुनिया के बारे में जानने में सहायता कर सकते हैं-जिसे शिक्षक कहते हैं "समझ कर पढ़ना"- कुछ कूट नीतियों का प्रयोग करके, जैसे कि:

- **प्रश्न पूछना।** अपने बच्चे के साथ पढ़ते समय, इस प्रकार के प्रश्न पूछिए "यह क्यों हो रहा है?", "आगे क्या हो सकता है?", "क्या इसका कोई मतलब निकलता है?", या "क्या यह उचित था जब ....?" ऐसे प्रश्न बच्चों को कहानी के हिस्सों के बीच संबंध बनाने में सहायता करते हैं।
- **"पंक्तियों के बीच में" पढ़ना** निष्कर्ष निकालना-वह अर्थ निकालना जो स्पष्ट नहीं दिखाया गया- आपके बच्चे को कहानी से और अपने स्वयं के ज्ञान और अनुभव से जानकारी का प्रयोग करना सीखना चाहिए। इस "पंक्तियों के बीच में" पढ़ने की कूट नीति में सूत्र इकट्ठे करना और अर्थ "बनाने" के लिए उनका प्रयोग करना शामिल है।
- **इस सब का अर्थ निकालना।** आप अपने बच्चे को इस सब का अर्थ निकालने के लिए प्रोत्साहित कर सकते है, पहले उस जानकारी के बारे में बात करके जो उसने पढ़ी है, फिर महत्वपूर्ण बातों का सार करके और इन बातों को एक पहेली के टुकड़ों की तरह एक साथ रखकर।
- **मुश्किल शब्दों को समझना।** अपने बच्चे को यह जानने का, कि कोई शब्द क्या हो सकता है या किसी गल्ती को पहचानने का समय दीजिए। यदि कोई गल्ती अर्थ पर असर नहीं करती, तो उस पर ध्यान मत दीजिए। जिस शब्द को आपका बच्चा नहीं जानता, उसे वह विभिन्न युक्तियों का प्रयोग करके समझ सकता/सकती है:
  - शब्द को बोलना।
  - चित्रों को देखना।
  - शब्द को छोटे हिस्सों में बाँटना।
  - मुश्किल शब्द के पहले और बाद के शब्दों को पुन: पढ़ना।
  - उस समय के लिए उस शब्द को छोड़ कर आगे पढ़ना।
  - समझ की जाँच करने के लिए जो कुछ उसने अब तक पढ़ा है, उसके बारे में बात करना।
  - भाई या बहन से उत्तर माँगना।


# माता-पिता के लिए चार उच्चतम साक्षरता की सलाहें

आपका बच्चा एक संचार माध्यमों से भरी, तकनीकी दुनिया में बड़ा हो रहा है। समाज में बदलाव इतनी जल्दी हो रहे हैं कि बच्चों को प्रकाशित और दूसरे संचार माध्यमों में अंतर्निहित संदेशों को सोचने की आवश्यकता है। निम्नलिखत कुछ ऐसे तरीके हैं जिससे आप समीक्षात्मक साक्षरता की कुशलताओं को प्रोत्साहित करने में सहायता कर सकते हैं:

- अपने बच्चे को बोलने वाले का नज़रिया या दृष्टिकोण समझने में सहायता कीजिए।
- संदेश की निष्पक्षता पर चर्चा कीजिए और अनुपस्थित जानकारी के गलतफहमी पैदा करने वाले असर को ढूँढ़िए।
- इस बारे में बात कीजिए कि लोगों को मनाने के लिए किस प्रकार भाषा का प्रयोग किया जाता है-उदाहरण के लिए, विज्ञापन में भाषा के शक्तिशाली असर के बारे में बात कीजिए।
- पूछिए कि क्या आपके बच्चे ने कुछ नया सीखा है जो नए प्रश्नों को प्रोत्साहित करता है। क्या यह उस विषय पर आपके बच्चे की सोच को बदलता है? वह यह कैसे जान सकता/सकती है कि यह एकदम ठीक है?

अपने बच्चे को समीक्षात्मक रूप से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए,
**प्रश्न पूछिए:**

- यह किताब किस बारे में है? तुम इसे पढ़ने में रुचि क्यों रखते हो?
- इस समाचार का लेखक हमें क्या बताना चाहता है या चाहता है कि हम क्या सोचें?
- क्या लेखक हमें किसी चीज़ का विश्वास दिलाना चाहता है?
- इस पत्रिका का विषय वस्तु बच्चों, युवाओं और माता-पिता के बारे में क्या कहता है?
- लेखक ने संदेश पहुँचाने के लिए किस प्रकार के शब्दों और चित्रों का प्रयोग किया है?



## सलाह तीन हर रोज पढ़िए

> ...मेरे आदर्श राज्य में बच्चे बहुत आसानी से पढ़ना सीखेंगे, उनके स्कूल आने से बहुत पहले...इसलिए कृपया, मैं आप सब से विनती करती हूँ कि अपने बच्चों के लिए शानदार किताबों को ऊँचा पढ़िए। उनके पैदा होने के दिन से शुरू कीजिए।
>
> **Mem Fox, 2005**
> "If I Were Queen of the World"

अपने बच्चे के साथ हर रोज पढ़ने की कोशिश कीजिए। परिवार के सभी सदस्य सहायता कर सकते हैं। (यह नाश्ते की तरह है-इसको छोड़ना नहीं चाहिए।) यह एकमात्र सबसे ज़रूरी चीज़ है जो आप अपने बच्चे की स्कूल में पढ़ना और लिखना सीखने में और सफल होने में सहायता करने के लिए कर सकते हैं। जिन बच्चों के लिए बचपन में पढ़ा जाता है, उन्हें बड़े होकर पढ़ना अच्छा लगने और अच्छे पाठक बनने की संभावना अधिक है। तब पढ़ना शुरू कीजिए जब आपका बच्चा बहुत छोटा हो। इसका कोई नकारात्मक पहलू नहीं है।

आप अपने बच्चे के लिए सबसे महत्वपूर्ण पढ़ने के अनुकरणीय व्यक्ति हैं, इसलिए यह निश्चित कर लीजिए कि आपका बच्चा आपको अपने उँश्यों के लिए पढ़ते और लिखते देखे। (यह ज़रूरी नहीं कि वह Great Canadian Novel हो-हो सकता है वह केवल किसी ऐसे दोस्त का ईमेल हो जो दूर रहने चला गया है।) अपने बच्चे के पहले शिक्षक और अनुकरणीय व्यक्ति के रूप में, आपकी सहभागिता और समर्थन जीवन भर के रवैये और रुचियों, और पढ़ने और लिखने में सफलता पर असर कर सकते हैं।

निम्नलिखित कुछ ऐसी पढ़ने और लिखने की क्रियाएँ हैं जो आप अपने व्यस्त कार्यक्रम में शायद अपने बच्चे के साथ बाँटना चाहें:

- ट्रैफिक, स्टोर और रेस्टोरेन्ट के चिन्ह पढ़ना।
- खाने के लेबल, अनुसूचियाँ, नक्शे, निर्देश, विज्ञापन, फ्लायर और विवरण पुस्तिकाएँ पढ़ना।
- व्यंजन विधियों, शब्दों के अर्थ और नक्शों पर जगहों को ऑनलाइन ढूँढ़ना।
- खरीददारी की सूचियाँ और टेलीफोन के संदेश लिखना।
- एक पारिवारिक कैलेन्डर पर नियुक्तियों और क्रियाओं की तिथि और समय लिखना।
- ग्रीटिंग कार्ड, थैन्क यू नोट या पत्र (छपाई के रूप में, कर्सिव लिखाई में या कीबोर्ड का प्रयोग करके सभी ठीक हैं) और ईमेल और टेक्स्ट संदेश पढ़ना और लिखना।

# माता-पिता के लिए चार उच्चतम साक्षरता की सलाहें

बच्चे नित्य कर्मों को अच्छी प्रक्रिया दिखाते हैं, इसलिए जितना मुमकिन हो, मिलकर पढ़ने को एक ऐसी चीज़ बनाइए जिसकी आप और आपका बच्चा हर रोज़ प्रतीक्षा करें। मिलकर इस समय को सबसे उपयोगी बनाने के लिए यहाँ कुछ योजनाएँ हैं:

हर रोज़ पढ़ने का एक समय तैयार कीजिए:

- हर रोज़ एक विशेष समय निश्चित कर लीजिए जब आप अपने बच्चे के साथ पढ़ने के लिए अपना पूरा ध्यान दे सकें।
- यह पता कीजिए कि आपके बच्चे को किस विषय के लिए जोश है और जितना मुमकिन हो उतना इस विषय पर जानिए।
- एक साथ लाइब्रेरी जाइए या ऑनलाइन पढ़ने की सामग्री को ढूढ़िए।
- किसी विशेष टी वी शो से आपके बच्चे के पसंदीदा किरदार को दिखाने वाली किताबों का प्रयोग कीजिए।
- ऑनलाइन पढ़ने के लिए घर से या अपनी स्थानीय लाइब्रेरी (जैसी इस मार्गदर्शिका के पीछे हैं) से उत्तम वेबसाइट्स का प्रयोग कीजिए।
- खेलों, पहेलियों, चित्रकथाओं या सोफ्टवेयर के लिए एक जगह शामिल कीजिए।
- अपने बच्चे की पहली भाषा में किताबें और अन्य सामग्री पढ़िए। यह आपके बच्चे को English (अंग्रेज़ी) और French (फ्रेन्च) और अन्य भाषाओं में पढ़ने में भी सहायता करेगा।



## सलाह चार इसे मज़ेदार बनाइए, इसे महत्वपूर्ण बनाइए

> ...(पढ़ने को) मज़ेदार बनाइए। वह होमवर्क की तरह नहीं होना चाहिए। पढ़ने को मनोरंजक बनाइए-मज़ाकिया आवाज़ें निकालिए और मिलकर उनका अभिनय कीजिए-बच्चों को यह बहुत पसंद है।
>
> **Robert Munsch, 2005**
> "A Moment with Munsch"

### गुप्त भाषा को समझना

जब बच्चे पढ़ने में आनन्द लेते हैं, तो वह ज्यादा पढ़ते हैं। और ज्यादा पढ़ने में, वह अच्छे पाठक बन जाते हैं। वह चीज़ों को समझने के लिए और अपने और दुनिया के बारे में और जानने के लिए भी पढ़ते हैं। (या हो सकता है वह उस वीडियो गेम के बारे में पढ़ने के लिए प्रेरित हों जिसमें वह अटक गए हैं।) वह भाषा की प्रक्रिया में नहीं फंसते क्योंकि उन्होंने गुप्त भाषा को समझ लिया है। उस क्षण में आपके बच्चे के लिए एक पूरी नई दुनिया खुल जाती है।

जो आप मिलकर पढ़ना चाहते हैं उसे चुनिए:

- ऑनलाइन विचारों को ढूँढ़िए, जो सम्भवतः उन विषयों पर आधारित हों जिनमें आपका बच्चा दिलचस्पी लेता है।
- शीर्षकों को ढूँढ़ने के लिए लाइब्रेरी या किताबों की दुकान पर जाइए।

सभी प्रकार की किताबों, सभी प्रकार की पढ़ने की सामग्री को चुनिए:

- सभी प्रकार का कथेतर साहित्य-शायद Canada (केनेडा) या दुनिया में अन्य जगहों, जंगली जानवरों या डाइनोसोर के बारे में प्रारंभिक पाठ्य पुस्तिकाएँ
- किताबें या लेख जिनमें दुनिया के बारे में सकारात्मक या शक्तिशाली विचार होते हैं।
- हर तरह की काल्पनिक सामग्री-क्रियाशील, काल्पनिक, काल्पनिक विज्ञान, मज़ाकिया कहानियाँ
- कहानियाँ जो उसे प्रतिबिम्बित करती हैं जैसा वह अपने आप को देखते हैं: दुस्साहसी, हीरो, राजकुमारी, जानवरों का चाहक (प्रारंभिक पशु चिकित्सक का निर्माण), जासूस, देख-रेख करने वाला, और अन्य
- शृंखला में किताबें (बच्चे अपने आप को परिचित किरदारों के समान समझे जाना चाहते हैं)
- अखबार, पत्रिकाएँ, ई-सब्स्क्रिप्शन
- हास्य पुस्तकें और ग्राफिक उपन्यास, कार्टून, चुटकुले, बेसबॉल कार्ड, खेलों के स्कोर, कठिन पहेलियाँ
- गीत के बोल या आलेख जो उनकी संगीतात्मक और कलात्मक रुचियों को आकर्षित करे


# माता-पिता के लिए चार उच्चतम साक्षरता की सलाहें

कहानी मे जान डालिए:

- कहानी में अलग-अलग किरदारों के लिए अलग-अलग आवाजें प्रयोग कीजिए।
- जब भी किसी किरदार का नाम कहानी में आए, तो उसके नाम की जगह अपने बच्चे के नाम का प्रयोग कीजिए।
- कहानी के किरदारों की तुलना उन लोगों से कीजिए जिन्हें आप दोनों जानते हैं। इस बारे में बात कीजिए कि उनकी असली लोगों के साथ क्या समानता है।
- कठपुतलियाँ बनाइए और उन्हे एक कहानी को दिखाने के लिए प्रयोग कीजिए।
- अपने बच्चे को किरदार और दृश्यों का चित्र बनाने या उन्हें पेंट करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। इस विचार के बारे में बात कीजिए कि "हर तसवीर एक कहानी बताती है।"
- अपने बच्चे की पसंदीदा कहानियों को उतनी बार दुबारा पढ़िए जितनी बार आपका बच्चा उन्हें सुनना चाहे।

उसे उपयुक्त बनाइए:

- अपने बच्चे को यह समझने में सहायता कीजिए कि अधिकतर कहानियाँ किसी विशेष नज़रिये या दृष्टिकोण को व्यक्त करती हैं। (आप इस बारे में बात कर सकते हैं कि कैसे कहानी बदल जाएगी अगर कोई एक अन्य किरदार उसे सुना रहा हो।)
- कहानी में सम्मान और सामाजिक और सांस्कृतिक निष्पक्षता की बात कीजिए। क्या कहानी के किरदारों को निष्पक्षता से दर्शाया गया है?
- इस बारे में बात कीजिए कि लेखक ने कहानी क्यों लिखी होगी, खासतौर पर जब कहानी एक सामाजिक संदेश दे।
- संपादक को लिखे गए पत्रों, सम्पादकीय लेखों और पत्रभागों को देखकर दुनिया में चल रही चीज़ों के बारे में अलग-अलग रायों को जांचिए।



# अपने बच्चे से उच्चतम की आशा कीजिए

हम आशा करते हैं कि वाक्पटुता से पढ़ने और स्पष्टता से लिखने की रोमांचक यात्रा में अपने बच्चे को समर्थन देने में आपको यह मार्गदर्शिका सहायक लगी होगी। ऊँची उम्मीदों, धैर्य और विचारपूर्ण अंत:क्रिया से, आपका बच्चा एक पाठक और लेखक में विकसित होगा।

पढ़ने और लिखने को घर पर समर्थन देने के लिए अपने बच्चे के शिक्षक से भागीदारी करना उन शक्तिशाली विकल्पों में से एक है जो आप अपने बच्चे के भविष्य के लिए ले सकते हैं। University of Toronto (यूनिवर्सिटी ऑफ टोरोंटो) के प्रोफ़ेसर और लेखक Jim Cummins कहते हैं कि हम चार मुख्य तरीकों से बच्चों को सीखने में समर्थन दे सकते हैं:

1. जब हम अध्ययन को सामुहिक और संवादात्मक बनाते हैं
2. जब हम प्रश्न पूछते हैं और उत्तरों को मिलकर गहराई से सोचते हैं
3. जब हम चुनाव को प्रोत्साहन देते हैं, उन्हें बढ़ने के अवसर देते हैं और उन्हें अपनी आवाज़ स्थापित करने देते हैं
4. जब हम उन्हें प्रश्न पूछने के लिए और खतरे उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं (उन्हें सुरक्षित करने के साथ-साथ)

**अपने बच्चे से उच्चतम की आशा करते समय**

1. सफलताओं की सराहना कीजिए।
2. गलतियों के बारे में मत सोचिए।
3. अपने बच्चे को किसी शिक्षक से सहायता माँगने के लिए प ्रोत्साहित कीजिए।
4. अपने बच्चे को इस बात का हिसाब रखने में सहायता कीजिए कि वह कैसे कर रहा/रही है।



# ऑनलाइन संसाधन

**TVOParents**

यह साइट वीडियो और अन्य साधनों का एक विस्तृत संसाधन है जो माता-पिता को अपने बच्चों को बारे में जानने और उन्हें समर्थन देने में सहायता करती है।

http://tvoparents.tvo.org

**TVOKids**

यह वेबसाइट 170 से भी अधिक शैक्षिक खेलों, 4,500 से अधिक वीडियो और TVOKids Homework Zone का घर है।

www.tvokids.com

**KidLit**

KidLit बच्चों को अपना काम ऑनलाइन प्रकाशित करने और लोगों को उसपर टिप्पणी करने देती है। बच्चे अपनी पसंदीदा किताबों की अपनी समीक्षाएँ भी भेज सकते हैं।

http://mgfx.com/kidlit/

**Be a Great Parent**

The Regional Municipality of Niagara का अभियान माता-पिता के अपने बच्चों या किशोरों के साथ प्रभावशाली सम्पर्क, मार्गदर्शन और सम्बन्धों के बारे में प्रश्नों का उत्तर देने पर ध्यान केन्द्रित करता है। उपयोगी पोस्टर संसाधन और तथ्य पत्र।

www.beagreatparent.ca

**Canadian Wildlife Federation**

यह साइट संसाधन प्रदान करती है और आवास सम्बन्धी कार्यक्रम चलाती है। हर उम्र के बच्चों को वन्य जीवन और स्वस्थ आवासों के मूल्यों के बारे में और सीखने के लिए प्रेरित करती है।

www.cwf-fcf.org/en/educate/ed_resources/kids-corner/

**Canadian Geographic Kids**

Canada (केनेडा) के भ्रमित वन्य जीवन, विशाल भूगोल और मज़ेदार तथ्यों के ज़रिये बच्चे इसे जांच सकते हैं। खेलों का आयोजन, होमवर्क में सहायता और बहुत कुछ और करती है।

www.canadiangeographic.ca/kids/

***Kayak*: Canada's History Magazine for Kids**

यह साइट बच्चों को Canada (केनेडा) के पूर्व के कौन, क्या, कब, कहाँ, क्यों और कैसे से और यह आज से कैसे जुड़ता है, इससे परिचित करवाती है। Canada (केनेडा) की National History Society द्वारा प्रकाशित, *Kayak* को 7 से 11 साल के बच्चों की कल्पना को पकड़ने के लिए बनाया गया है।

http://resource.canadashistory.ca/kayak/

**Ontario Education Resource Bank (OERB)**

इस ऑनलाइन लाइब्रेरी में सभी ग्रेडों के बच्चों के लिए क्रियाएँ और संसाधन सामग्री है। छात्र ऑनलाइन अभ्यासों और क्रियाओं में भाग ले सकते हैं जो वह अध्ययन को मज़बूत करने के लिए घर पर कर सकते हैं।

www.edu.gov.on.ca/elearning/bank.html

**BBC Kids**

यह विज्ञापन-रहित चैनल स्कूल से पहले के बच्चों से लेकर किशोरों के लिए कार्यक्रम दिखाता है। मुख्य रूप से Britain (ब्रिटेन) से लेकिन कुछ Canadian (कनेडियन) विषय भी।

www.bbckids.ca

**Parents Matter**

इस वेबसाइट पर वह उपकरण और लिंक हैं जो माता-पिता को अपने बच्चों के अध्ययन और विकास में अधिक सम्मिलित होने में सहायता करते हैं।

www.parentsmatter.ca/index.cfm

**Discovery Channel School**

बच्चों को अपने अध्ययन का ध्यान खुद रखने में सहायता करने के लिए यह साइट विस्तृत प्रकार के मुफ्त कक्षा के संसाधन और अध्ययन के उपकरण प्रस्तुत करती है। व्यस्त शिक्षकों और माता-पिता को ध्यान में रख कर बनाई गई।

http://kids.nationalgeographic.com/kids/

# ऑनलाइन संसाधन




***National Geographic Kids***
इस बच्चों की पत्रिका को National Geographic Society द्वारा प्रकाशित किया गया है। 6 और 14 साल के बीच की उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त।

http://kids.nationalgeographic.com/kids/

**PBS Kids**
यह वेबसाइट्स का रंगीन संकलन पसंदीदा टी वी शो, जैसे कि *Clifford the Big Red Dog, Teletubbies, Reading Rainbow and Sesame Street* पर आधारित है। बच्चे अपने पसंदीदा किरदारों को ऑनलाइन देखने में, उनके साथ खेल खेलने में और प्रारंभिक पढ़ने की कूट नीतियों को सीखने में मज़ा प्राप्त करेंगे।

http://pbskids.org/

**4Kids.org**
4Kids.org शिक्षकों, लेखको, तकनीकी विशेषज्ञों और छात्रों की एक टीम है जो साप्ताहिक लेख और लिंक बनाती है जिससे यह प्रदर्शित होता है कि ऑनलाइन अध्ययन एक सुरक्षित, मज़ेदार और साहसिक क्रिया कैसे हो सकती है।

www.4kids.org

**Sample virtual field trips**
अक्सर वेबकैम की पहुँच या खेलों, तसवीरों ओर वीडियो के ज़रिये दुनिया की विभिन्न जगहों को देखिए।


www.theteachersguide.com/virtualtours.html


**United Nations Cyberschoolbus**
छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए UN के जानकारी केन्द्र में जाइए।

http://cyberschoolbus.un.org

## HOMEWORK ZONE (होमवर्क क्षेत्र)

TVOKids Homework Zone एक आसानी से मार्गनिर्देशन करने वाला वातावरण है जिसमें बच्चे स्कूल में सीखे गए सिद्धांतों का अभ्यास करते हैं और Ontario (ओन्टेरियो) पाठ्यक्रम के तीन मुख्य क्षेत्रों: गणित, विज्ञान और साक्षरता, के लिए समर्थन प्राप्त करते हैं। इसमें शिक्षक वीडियो, TVOKids शो, वेब खेल, छापने योग्य वर्कशीट, संवादात्मक अभ्यास के उपकरण और पढ़ाई करने की सलाहें शामिल हैं। Homework Zone आपको यह देखने का अवसर देता है कि सिद्धांतों को कैसे कक्षा में पढ़ाया जाता होगा और कैसे आप घर पर अपने बच्चे के अध्ययन को समर्थन दे सकते हैं।






Ontario

**Ontario Ministry of Education** (ओन्टेरियो शिक्षा मंत्रालय)
Cette publication est disponible en français.
ISBN 978-1-4435-9379-3 (Print) ISBN 978-1-4435-9380-9 (PDF)
ISBN 978-1-4435-9381-6 (TXT) © Queen's Printer for Ontario, 2012